तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026



11 जैमर और मेटल डिटेक्टर के कड़े पहरे में 900 से...



12 जर्जर भवन और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में चल...






## खबर संक्षेप



### महुआ के फूल आने लगे

**मैनपुर।** वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला महुआ का सीजन अब प्रारंभ होने वाली है पूरे प्रदेश में गरियाबंद जिले के जंगल में महुआ का उत्पादन सर्वाधिक होता है और महुआ के वृक्षों में इन दिनों महुआ के फूल आने लगी हैं। होली पर्व के बाद तेज गर्मी में यह फूल आसानी से दिखाई देगा। अभी कुछ चुनिंदा वृक्षों में ही महुआ का फूल आना शुरू हुआ है। सोने के दानों की तरह चमकने वाले महुआ फूल की तस्वीर शेख हसन खान ने ग्राम मरदाकला के जंगली मार्ग में अपने कैमरे में कैद की है।

### 3 साल की आदीबा और आठ साल के अदनान ने रखा रोजा



**मैनपुर।** मुस्लिम समुदाय का मुकद्स माहे रमजान का पवित्र माह चल रहा है और बड़े बुजुर्गों के साथ छोटे- छोटे बच्चे भी रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे है एक ओर जहां बड़े लोग रोजा रख रहे है तो वहीं छोटे -छोटे बच्चे भी रोजा रखकर इबादत कर रहे है, मैनपुर नगर किराना व्यवसायी अजहर मेमन के 3 साल की बेटी आदीबा फातिमा एवं 8 साल के अदनान मेमन ने आज रोजा रखा। कम उम्र में छोटे बच्चों के द्वारा रोजा रखकर मिसाल कायम किया जा रहा है, इस बीच रोजा रखने वाले इन बच्चों को फुलमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

### ओमकुमारी साहू बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री

**नवापारा-राजिम।** नवापारा पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू को भाजपा जिला महिला मोर्चा महामंत्री बनाया गया है। अपने इए नियुक्ति पर उन्होने भाजपा संगठन मंत्री पवन साय,



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा एवं नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी के प्रति पूरी निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए अपने दायित्व का पालन करेंगी। कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला महामंत्री का दायित्व प्रदान किया है। यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। भारतीय जनता पार्टी ने जो दायित्व मुझे सौंपा है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

### महुआ शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम पदरडीह में महुआ शराब बिक्री कर रहे दो लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी भुनेश्वर कोंद पिता बालकराम कोंद (33 साल) पदरडीह व टीकाराम कुर्रे पिता गोटीलाल कुर्रे (22 साल) सावित्रीपुर के कब्जे से कुल 30 लीटर महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# नवापारा में बनेगा फ्लाईओवर, मिट्टी परीक्षण के लिए खोदे गए गड्ढे

## नेशनल हाईवे पर अचानक हुई खुदाई, विधायक और नपा अध्यक्ष भी अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राजिम से रायपुर के बीच शुरू हुई नई ट्रेन सेवा के बाद शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण को लेकर रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से रेल्वे क्रासिंग के पहले शर्मा भोजनालय के पास तीन गड्ढे खोदे गए। अचानक नेशनल हाइवे 130 में गड्ढे खोदे जाने से बस स्टेण्ड के आसपास व्यापारियों, दुकानदारों में हड़कंप मच गया। गड्ढा खोद रहे ठेकेदार के मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार के आदेश पर ये गड्ढा मिट्टी परीक्षण के लिए खोद रहे है। ऐसा सड़क के दोनों तरफ 16 गड्ढे खोदे जाएंगे। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू तथा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू को कोई भी जानकारी नहीं है। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि अचानक इस तरह से फ्लाईओवर निर्माण का काम शुरू कर दिया जाना समझ से परे है उनकी जानकारी में यह बात बिल्कुल नहीं है। ठीक इसी तरह पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भी कही। बता दें कि फ्लाईओवर निर्माण कहां से कहां तक होगा? इसकी जानकारी किसी को नहीं है। इस निर्माण कार्य से बस स्टेण्ड से लेकर चंपारण चौक तक हड़कंप मच गया है। बता दें कि नवापारा में एक मात्र बस स्टैंड है जहां आरंग, रायपुर, गरियाबंद, देवभोग मार्ग के लिए गाड़ियां ▶▶|शेष पेज 11 पर

■ निर्माण कार्य से बस स्टेण्ड से लेकर चंपारण चौक तक हड़कंप



### कार्य पर रोक लगाने की मांग

व्यापारियों और आमजन का आरोप है कि रेलवे विभाग को इस मार्ग से सीधा लाभ भले ही न हो, परंतु शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को नुकसान अवश्य होगा। लोगों का यह भी कहना है कि यदि फ्लाईओवर निर्माण की योजना है तो पहले विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), वैकल्पिक मार्ग, यातायात प्रबंधन और जनसुनवाई की प्रक्रिया स्पष्ट की जानी चाहिए थी। बिना पूर्व सूचना कार्य प्रारंभ कर देना रेल्वे विभाग की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। शहर में इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्य को फिलहाल रोका जाए और जनप्रतिनिधियों व आम जनता के साथ बैठक कर स्पष्ट जानकारी दी जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन और रेल्वे विभाग इस बढ़ते नाराजगी पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और शहर की सुंदरता व जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति क्या तय की जाती है।

**समस्या :** सड़क के दोनों ओर दुकानें सज जाने से वाहनों को साइड देने के लिए नहीं बचती जगह

# एनएच तक पसरा साप्ताहिक बाजार हादसों को न्योता दे रही अव्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर मे प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है जो पुरे विकासखण्ड के सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार है लेकिन अब साप्ताहिक बाजार के भीतर जगह के कमी के चलते अधिकांश सब्जी व छोटे दुकानदार मैनपुर गरियाबंद मुख्य नेशनल हाईवे मार्ग के किनारे सड़क से सटाकर दुकान लगा देते हैं जिसके चलते बड़े वाहनों को साप्ताहिक बाजार के दिन आने-जाने में बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और हमेशा गंभीर दुर्घटना की अंदेशा बना रहता है। सड़क के दोनों ओर दुकान लग जाने से सड़क में दो भारी वाहनों को साईड देने में भारी परेशानी होती है और वाद -विवाद होता देखा जा सकता है। छोटे व्यवसायी और सब्जी भाजी बेचने वालों को बाजार के भीतर जगह नहीं मिलने के कारण वे सड़क किनारे दुकान लगाने मजबूर हो रहे हैं जिससे पार्किंग की समस्या भी देखने को मिलती है और गंभीर दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है जबकि मैनपुर देवभोग गरियाबंद मुख्य मार्ग मे 24 घंटे ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सप्ताहिक बाजार का एरिया सिमटते जा रहा



गरियाबंद जिले मे सबड़े बड़ा सप्ताहिक बाजार मैनपुर मे प्रत्येक सोमवार को लगता है इस बाजार मे व्यवसाय करने के लिए धमतरी, दुर्ग, बालोद, राजिम, रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, देवभोग और तो और अन्य प्रदेश ओडिशा से भी व्यवसायी पहुंचते है लेकिन सप्ताहिक बाजार के भीतर धीरे-धीरे अतिक्रमण व सिमटते बाजार का एरिया के कारण अब यह बाजार सड़क पर लगने लगा बाजार के भीतर व्यवस्थित रूप से यदि दुकानों का आबंटन किया जाये तो काफी हद तक इस समस्या का समाधान किया जा सकता है लेकिन जिम्मेदार लोगो द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

# धान से भरे ओवरलोड ट्रक हादसों को दे रहा है न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नवापारा शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार का खतरा पहले से ही लोगों को भयभीत कर रहा है, लेकिन अब ओवरलोड ट्रकों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। नवापारा-राजिम मार्ग पर इन दिनों ऐसे ट्रक आमतौर पर देखे जा सकते हैं जिनमें धान के बोरे क्षमता से कहीं अधिक ऊँचाई तक लदे हुए हैं। ये वाहन न केवल यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि हर पल किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। देखने में आता है कि ट्रकों में धान के बोरे इस कदर भरे जाते हैं कि वाहन की मूल संरचना ही ढक जाती है। कई बार बोरे ऊपर तक असंतुलित तरीके से रखे होते हैं। जरा-सी ब्रेकिंग या मोड़ पर संतुलन बिगड़ने की स्थिति में पूरा लदा माल सड़क पर गिर सकता है, जिससे पीछे आ रहे दोपहिया और चारपहिया वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। चिंता की बात यह है कि ऐसे ओवरलोड ट्रक मुख्य मार्गों के साथ-साथ बस्तियों के भीतर से भी गुजर रहे हैं। रिहायशी इलाकों में बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की आवाजाही रहती है। तेज रफ्तार और भारी वजन का यह संयोजन जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ट्रकों की रफ्तार भी नियंत्रित नहीं होती। ओवरलोड वाहन के ब्रेक फेल होने या अचानक पलटने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। परिवहन नियम स्पष्ट रूप से ओवरलोडिंग पर प्रतिबंध लगाते हैं। इसके बावजूद यदि इस तरह के वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है-क्या इसकी नियमित जांच नहीं हो रही? स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि- ओवरलोड वाहनों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। हालांकि धान की ढुलाई आवश्यक हो सकती है, लेकिन मानव जीवन उससे कहीं अधिक मूल्यवान है। कुछ अतिरिक्त बोरे लादने की लालच में यदि एक भी जान चली जाए, तो इसकी भरपाई संभव ▶▶|शेष पेज 11 पर

# आमानाला के जंगल और नदी किनारे फेंका गया सरकारी दवाओं का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





गरियाबंद जिले के सुख चुके नदी व जंगल में सरकारी अस्पतालों में मरीजों को वितरण किए जाने वाला अनेक प्रकार के किमती दवाओं को जंगल के नदी किनारे में लापरवाही पूर्वक फेक दिया गया है। इसमें से कई दवाओं का इस्पायरी डेट निकल गया है तो कई दवाईयों का अभी ठीक है इस दवा को बेहद ही गलत तरीके से फेका गया है जिससे आसपास मवेशी व वन्य प्राणियों के द्वारा धोखे से सेवन कर लेने से गंभीर दुर्घटना सामने आ सकती है। आज सुबह सोशल मिडिया में इसकी तस्वीर आने लगी तो सच्चाई को जानने मौके का जायजा लेने हरिभूमि टीम पहुंची। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किलो मीटर दूर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130सी मुख्य मार्ग के किनारे आमानाला पुल के नीचे नदी किनारे भारी मात्रा में सरकारी दवा फेका गया है जिससे आसपास ग्रामों के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि आमानाला इस नदी के आसपास वन्य प्राणियों के साथ बंदरों के झुंड आसानी से दिखाई देते है और यह दवा को वितरण करने के बजाय स्वास्थ्य विभाग द्वारा लापरवाही पूर्वक फेका गया है इस मामले की जांच किये जाने की आवश्यकता है।

# डूमाघाट में 4 गढ़ के देवी-देवताओं की हुई पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डूमाघाट में पारंपरिक मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में 84 गढ़ के देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मड़ई मेला के दौरान क्षेत्र में उत्सव का वातावरण बना रहा तथा हजारों श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, डमरूधर पुजारी, सरपंच यशवंत मरकाम रामरतन मांझी जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद पंचायत मैनपुर अध्यक्ष मोहना नेताम एवं कांग्रेस नेता तपेश्वर राजपूत, भुवेन्द्र मांझी, अभीराम ध्रुव, चैनसिंह ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष हलमन ध्रुर्वा, प्राचार्य टीएस सोनवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, पारंपरिक रीति-रिवाज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। मड़ई मेला शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए इस परंपरा को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। वहीं प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय लिया गया है।



## दुपहिया वाहन चालकों को हो रही सबसे अधिक परेशानी

# रेलवे क्रॉसिंग के पास बना खतरनाक स्पीड ब्रेकर, रोज गिर रहे हैं राहगीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के रेलवे क्रॉसिंग के समीप बनाया गया असामान्य और अत्यधिक ऊंचा स्पीड ब्रेकर इन दिनों नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। करीब पौन फीट ऊंचे इस ब्रेकर को देखकर राहगीर हैरान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ब्रेकर न तो मानक के अनुरूप है और न ही सुरक्षित- बल्कि रोज दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। यह स्पीड ब्रेकर रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र के पास बनाया गया है। लेकिन जिस प्रकार इसकी ऊँचाई और ढलान रखी गई है, उससे दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। प्रतिदिन स्कूटी और मोटरसाइकिल के चक्के अचानक उछल जाते हैं, जिससे चालक संतुलन खो बैठते हैं। कई मामलों में बुजुर्ग और महिलाएं गिरते-गिरते बची हैं। दोपहिया ही नहीं, बल्कि छोटी कारें और ऑटो रिक्शा भी इस ब्रेकर पर अटक रहे हैं। वाहन की निचली बॉडी टकराने से नुकसान हो रहा है। कुछ वाहन चालकों ने बताया कि रात के समय पर्याप्त संकेतक या रिफ्लेक्टर न होने से ब्रेकर दिखाई नहीं देता और अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति बनती है, जिससे पीछे आ रहे वाहन से टक्कर का खतरा भी बढ़ ▶▶|शेष पेज 11 पर

### नागरिकों में आक्रोश, तत्काल कार्रवाई की मांग




स्थानीय व्यापारियों, स्कूली छात्रों के अभिभावकों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि या तो इस ब्रेकर को तुरंत हटाया जाए अथवा मानक अनुरूप समतल कर पुनर्निर्माण किया जाए। अब तक इस संबंध में संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। शहरवासियों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग जैसा संवेदनशील क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इसलिए यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य तकनीकी मानकों और सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही किया जाना चाहिए। फिलहाल, रेलवे क्रॉसिंग के पास बना यह बेढंगा स्पीड ब्रेकर लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से जनहित में त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

# 9 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे 'नया सवेरा' अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना गरियाबंद पुलिस ने 9.180 लीटर अवैध देशी एवं विदेशी मदिरा का परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवैध नशे के परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-23-7465 से अधिक मात्रा में देशी प्लेन, मसाला एवं विदेशी शराब लेकर केशोडार, कोकड़ी और नहरगांव की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी गरियाबंद द्वारा टीम गठित कर संदिग्ध मोटर साइकिल को रोका गया। पूछताछ ▶▶|शेष पेज 11 पर

# बढ़ जाएंगी एमबीबीएस की ढाई सौ सरकारी सीटें, मेडिकल कालेजों में पढ़ाने वालों की व्यवस्था बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आने वाले दिनों में राज्य में ढाई सौ सीटें बढ़ने से एमबीबीएस की शासकीय सीटों की संख्या बढ़कर 1680 हो जाएगी। खुलने वाले पांच नए मेडिकल कालेजों में पढ़ाने के लिए कम से कम 100 चिकित्सा शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जिनकी व्यवस्था बड़ा चैलेंज है। राज्य में अभी संचालित दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में 1123 शिक्षकों की कमी है।

इन्हें दूर करने संविदा भर्ती का ट्रिक काम नहीं कर रहा है और सीधी भर्ती की प्रक्रिया अधूरी है। स्वास्थ्य सुविधा को आसान बनाने के लिए हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजना पर काम किया जा रहा है। अभी राज्य के दस जिलों में शासकीय मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा, गीदम और जशपुर जिले में नया कालेज खोलने की योजना पर काम पूरा किया जा रहा है। पचास-पचास सीटों के साथ शुरू होने वाले इन चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ राज्य में एमबीबीएस सीटों की संख्या 1430 से बढ़कर 1680 हो जाएगी। सीट बढ़ने से ज्यादा विद्यार्थियों को मौका मिलेगा मगर इन्हें पढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षकों की व्यवस्था करना विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। राज्य में अभी संचालित होने वाले मेडिकल कालेजों में वैसे तो 10 शासकीय कॉलेजों में वैसे तो 2058 चिकित्सा शिक्षकों का सेटअप है मगर उस पर काम करने वालों की संख्या 935 है और 1123 पद खाली पड़े है। चिकित्सा शिक्षकों की कमी को लेकर अक्सर एनएमसी द्वारा आपत्ति की जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग शिक्षकों की इन कमियों को दूर करने के लिए लगातार संविदा पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू का आयोजन तो करता है, मगर भविष्य के लिए चिंतित डाक्टर इसके लिए ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। विभागीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग 125 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम से कर रहा है इसके लिए आवेदन तो बुलाए गए हैं मगर उनके साक्षात्कार के लिए अब तक तारीख घोषित नहीं की गई है।

## राज्य में 15 हो जाएगी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या, जरूरत न्यूतम 100 टीचरों की

### कुनकरी में नहीं है अस्पताल

सूत्रों के मुताबिक जशपुर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय कुनकरी क्षेत्र में खोलना प्रस्तावित है और यहां से जिला अस्पताल काफी दूर है। एनएमसी के नियम के मुताबिक मेडिकल कालेज खोलने के लिए उससे संबंधित अस्पताल का होना अनिवार्य होता है। प्रदेश में संचालित कुछ चिकित्सा महाविद्यालय वहां के जिला अस्पताल की मदद से चल रहे हैं। विभागीय उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि अभी जशपुर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय के जमीन का आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### संविदा चिकित्सक भी विरोध की तैयारी में



सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में संविदा चिकित्सक कार्य कर रहे हैं। नियमित किए जाने की मांग के लिए वे कई बार विभागीय स्तर पर प्रयास कर चुके हैं मगर उन्हें सफलता नहीं मिली है। नियमित किए जाने के लिए उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन के साथ न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी भी की जा रही है। संविदा चिकित्सकों का तर्क है कि नियमित नहीं मिलने की वजह से बेहतर विकल्प मिलते ही नौकरी छोड़ देते हैं और कालेजों को फैकल्टी की कमी की परेशानी से जूझना पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### मिर्जा एजाज बेग बने राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य मिर्जा एजाज बेग को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने शनिवार को अधिसूचना जारी की है। हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (1) में निहित प्रावधान अनुसार छग राज्य हज कमेटी के नामांकित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर मिर्जा एजाज बेग का चुनाव किया गया। उसके बाद राज्य शासन द्वारा अधिूसचना जारी कर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। जुमा नमाज के बाद हजरत गरीब नवाज मस्जिद संजय नगर के मुतवल्ली मोहम्मद अली एवं मस्जिद कमेटी के मेम्बरान तथा मुस्लिम समाज ने गर्मजोशी से श्री बेग का स्वागत किया। श्री बेग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं पार्टी के समस्त वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया है।

### 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ सरचार्ज

रायपुर। महापौर मीनल चौबे ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होकर नगर हित से जुड़े सुझावों को सामने रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम



एक जनसेवी संस्था है, जिसका उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं है। विद्युत नियामक आयोग नगर निगम को ग्रास सब्सिडाइजेशन श्रेणी में न रखे और व्यावसायिक दर श्रेणी से बाहर रखे। अधिक बिल के कारण आवश्यक सेवाएं प्रभावित होंगी।

महापौर मीनल चौबे ने सवाल उठायाा कि 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ का सरचार्ज। क्या इसे यूजर चार्ज और संपत्ति कर के रूप में ही जनता की जेब से वसूलें? रायपुर नगर निगम की महापौर ने विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि नगर निगम जनसेवा का कार्य करती है।

### कर्मचारी की सतर्कता से उरला के संगीता फ्यूल्स में टला बड़ा हादसा

रायपुर। उरला स्थित संगीता फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की मुस्तैदी और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। 18 फरवरी की शाम लगभग 7.40 बजे दो युवकों की लापरवाही से अचानक आग भड़क उठी, जिसे पेट्रोल पंप के ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग सिस्टम और प्रशिक्षित स्टाफ ने चंद सेकंड में नियंत्रित कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक में ईंधन भराने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने सुरक्षा चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए लाइटर जला दिया। ईंधन भरते समय इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत से बाइक की टंकी के पास हल्की आग भड़क उठी, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

## विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की ओर कैट की सशक्त पहल

# नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 में जबरदस्त ऑफर्स, एक ही स्थान पर उपयोग का हर समान, आकर्षण का केंद्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर इन दिनों राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बना हुआ है। कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो में प्रदेश के साथ ही देशभर के व्यापार एवं उद्योग जगत के ब्रांड एक मंच पर भव्यता के साथ नजर आए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत उदघाटन के बाद शनिवार को नेशनल ट्रेड एक्सपो में जबरदस्त ऑफर्स की धूम रही। शंकर नगर बीटीआई मैदान में रायपुर को राष्ट्रीय व्यापारिक केन्द्र के रूप में सशक्त पहचान दिलाने परिसर को भव्य स्वरूप में सजाया गया है।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि ऐतिहासिक शुभारंभ के बाद दूसरे दिन और अधिक भव्यता, उत्साह एवं व्यापक सहभागिता के साथ एक्सपो ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आयोजन में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, उद्यमियों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों एवं महिला उद्यमियों से संवाद किया, साथ प्रदर्शित उत्पादों एवं नवाचारों की सराहना की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 जैसे आयोजन स्थानीय व्यापार, उद्योग एवं उद्यमिता को सशक्त बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की सोच को व्यवहारिक रूप प्रदान करता है।

### देशभर से आए कंपनियों का प्रभावशाली प्रदर्शन

एक्सपो परिसर में लघु एवं मध्यम उद्योग, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता, हस्तशिल्प, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा एवं औद्योगिक उत्पादों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से आए ब्रांड्स एवं कंपनियों की भागीदारी इसे व्यापारिक नेटवर्किंग एवं नए व्यावसायिक अवसरों का सशक्त मंच बना रही है। रविवार को होने वाले तीसरे दिन के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंहदेव मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर परवानी ने बताया कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ 2047 की दिशा में कैट का एक दूरदर्शी एवं ठोस प्रयास है, जो राज्य के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। विदित हो, कि 20 से 24 फरवरी तक चलने वाले इस राष्ट्रीय व्यापार महोत्सव का भव्य समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

## हरदी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम पंचायत हरदी में बूथ स्तर पर रुपनाथ बंजारे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष छुरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनी।एवं मन की बात में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा एआई समिट की सराहना की, भारत में अंगदान के बारे में जागरूकता लगातार बढ़ रही है,कल 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा, भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में कहा कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स और स्टार्टअप सेक्टर से जुड़े लोग इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भूत क्षमताएं देखने को मिली है। इस दौरान भारत ने 3 मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए हैं। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।

### डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा आमरण अनशन 60वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लगातार 60 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने के कारण शनिवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। केंद्रीय जेल में बंद डीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर हमें सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति नहीं दी जाती तो हम पूरे परिजनों के साथ डीएड अभ्यर्थी विधानसभा घेराव करते हुए सामूहिक गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन करते हुए जेल में ही आमरण अनशन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## 25 करोड़ की शासकीय जमीन निजी खाते में चढ़ाकर बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) स्थित लगभग 25 करोड़ रुपए कीमत की शासकीय जमीन को तहसीलदार द्वारा निजी खाते में चढ़ाकर बेचे जाने का आरोप लगा है। यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने लगाया है।

उन्होंने सोशल मीडिया में अपनी आईडी से एक मैसेज पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक नायब तहसीलदार ज्योति सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक पूर्व मंत्री के लिए यह पूरा खेल खेला है। इधर तहसीलदार ने इस आरोप को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा है कि जिस आर्डर की बात कही जा रही है, वह उसके कार्यकाल का ही नहीं है, क्योंकि यह कलेक्टर कोर्ट का आर्डर है और इसमें सिर्फ नक्शा सुधार नहीं हो पाया है।

### शिकायत की जांच तक नहीं

कुणाल शुक्ला ने आरोप लगाया है कि वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) में खसरा नंबर 331 जमीन है, जो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के नाम पर दर्ज है। इस जमीन का विधिवत सीमांकन कराया गया है, जिसमें पाया गया कि खसरा नंबर 331 में उसके दर्ज रकबे के अनुरूप भूमि मौजूद थी। इसी प्रकार खसरा नंबर 362/2 एवं 362/4 जो कुमारी पुजारी और दुर्गाबाई पुजारी के नाम पर दर्ज है, उनमें भी उनके रकबे से अधिक भूमि दर्ज पाई गई। इसके बावजूद आश्चर्यजनक रूप से खसरा नंबर 331 के नक्शे में से लगभग 1 एकड़ भूमि कम कर दी गई तथा भूमि खसरा नंबर 362/2 एवं 362/4 में जोड़ दी गई। इस तरह शासकीय भूमि के नक्शे को काटकर पुजारी परिवार की निजी भूमि में जोड़ कर बेच दी गई है।



## लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मितानिन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा क्षेत्र में आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और मितानिन ट्रेनर का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को सराहनीय बताते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद रेणु साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी समाज के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। ये बहनें शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण के प्रति लोगों में जनजागरूगता, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशुओं की निगरानी, तथा कुपोषण की पहचान कर उचित मार्गदर्शन देने में इनकी अहम भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, वितरण, वजन और स्वास्थ्य की नियमित जांच जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

## उपभोक्ता न्याय को सशक्त बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तकनीकी एवं विधिक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जागरूकता एवं तकनीकी पहलुओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में तकनीकी, डिजिटल व्यवस्था, प्रक्रियात्मक सुधार और विधायी संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उपभोक्ता संरक्षण विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग के



अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, मध्यप्रदेश, गोवा, बिहार, झारखंड उत्तरप्रदेश सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**डिजिटल सुविधाओं के उपयोग पर जोर** : इस दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग और ई-हियरिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को घर बैठे शिकायत दर्ज करने और सुनवाई में भाग लेने की सुविधा मिल रही है। उपभोक्ता न्याय को किफायती, पारदर्शी और त्वरित बनाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। सभी उपभोक्ता आयोगों में प्रक्रियात्मक एकरूपता लाने, मानकीकृत नियम एवं दिशानिर्देश अपनाने तथा केस मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान शिकायत स्वीकृति की प्रक्रिया, उपभोक्ता आयोग के आर्थिक एवं क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार, शिकायत और जवाब दावा प्रस्तुत करने की समय-सीमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को स्पष्ट किया।

## ढाई साल की आइजाह फातिमा ने रखा रोजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



माह-ए-रमजान में नन्हे रोजेदार भूखे-प्यासे रह कर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रमजान में बड़ों के साथ छोटे बच्चे भी रोजा रखकर खुदा की इबादत करने में पीछे नहीं है। मासूम रोजा रखकर नमाज अदा कर खुदा के आगे सजदा कर रहे हैं। सेहरी और इफ्तार भी समय पर कर रहे हैं। मैनपुर नगर में मुस्लिम समाज ऐसे छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं, जिन्होंने पहली बार रोजा रख नियम का पालन भी कर रहे हैं। ये भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। मैनपुर नगर में सबसे कम उम्र मात्र ढाई साल के आइजाह फातिमा ने आज पहला रोजा रखा, आइजाह फातिमा मैनपुर नगर के नूरी राइस मिल मालिक वली मोहम्मद धन्नाडी के पोती और कादीर मेमन की बेटी है, मात्र ढाई साल की उम्र में आज एक रोजा पूरा किया तो पूरे परिवार वालों ने फूल माला के साथ उनका इस्तकबाल किया। इनके अभिभावक कहते हैं कि रहमत और बरकत का महीना माह-ए- रमजान घर के लोगों में इबादत के लिए जुनून पैदा करता है, इसलिए बच्चे भी इबादत में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## रानीपरतेवा में हुआ निषाद समाज भवन का लोकार्पण

# एकता से ही समाज में सकारात्मक वातावरण बनता हैं : रूपसिंह साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा/ मुड़ागांव(कोरासी)



छुरा प्रखंड के ग्राम रानीपरतेवा में शुक्रवार को निषाद समाज भवन का लोकार्पण बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाजध्यक्ष मोतीराम निषाद की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा युवा नेता रूपसिंह साहू रहे। जिसका स्वागत समाज द्वारा गजहार पहना कर किया गया। मुख्य अतिथि साहू ने पूजा आरती कर रिबन काटकर निषाद समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। समाज को संबोधित करते हुए भवन के लिए बधाई दी और एकजुट रहकर समाज के उत्थान और विकास में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एकता से ही समाज में एक सकारात्मक वातावरण बनता है,जिसे लोगो का जीवन सुखी और समृद्ध होता है। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, सरपंच हेमलाल नेताम ने भी अपने विचार रखते हुए समाज को शिक्षित रहने और नशा पान से दूर रहने की सलाह दी।

**सीढ़ी में रेलिंग निर्माण की मांग-** सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्मित भवन के चारों ओर आहात निर्माण और सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के ऊपर जाने के लिए सीढ़ी में रेलिंग निर्माण की मांग की गई, जिस पर मुख्य अतिथि रूपसिंह साहू जी ने 10 लाख रुपये मुख्यमंत्री से मिलकर दिलाने का संकल्प किया वही,विशिष्ट अतिथि पंकज निर्मलकर जी ने 2 लाख रुपये की घोषणा की। पंचायत प्रतिनिधियों एवं समाज द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेटकर किया गया। निषाद समाज रानीपरतेवा पाली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पावन गंगा पंडवानी मठपुरैना रायपुर की प्रस्तुति कराई गई। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष, अगहन सिंह ठाकुर, ख़ेम लालसिन्हा, ओम प्रकाश साहू, नानक साहू, रूपेश साहू, मोनु साहू, प्रकाश साहू, लालाराम यादव भारत साहू, फलेन्द्र साहू, हिरागिर गोस्वामी, गोविंद यादव, ताराचंद साहू, भानु प्रताप साहू, जय राम साहू, टांकेश्वर सिन्हा, देवनारायण साहू, बिसौहा साहू, भगवानी राम ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवनारायण यादव एवं आभार पूरन लाल निषाद ने ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप



### गौरीशंकर ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री को सदैव स्वस्थ रखें तथा उन्हें प्रदेश की सेवा के लिए दीर्घायु प्रदान करें।

### धनमती बनी नवापारा भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष


**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देते हुए रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने धनमती साहू को नवापारा मंडल महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्रीमती साहू की सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी



नियुक्ति पर धनमती साहू ने जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महिलाओं को संगठन से जोड़ने और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगी। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। धनमती साहू ने प्रदेश भाजपा संगठन सहित अभनपुर विधानसभा विधायक इन्द्र कुमार साहू वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, जिला अध्यक्ष श्याम नौरंगे मंडल अध्यक्ष नागेंद वर्मा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेशी राम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाढ़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, पार्षद पूजा कंसारी, निर्मला साहू, जीना निषाद, लोमेश्वरी साहू, सचिन सचदेव, नम्मू निषाद, एवं समस्त पार्षद प्रदेश कार्य समिति के सदस्य तनु मिश्रा, योगिता सिन्हा, माधुरी साहू जिला पदाधिकारी आन्नपूर्ण देवांगन, साधना सरोज भूमिका साहू, नीता धीवर, लता टांडिया, हर्षा कंसारी, किरण सोनी, उमा कंसारी, प्रभा बसावर, सरोज साहू, शान्ति साहू, ललिता, दुकालहीन, हेमिन शामिल है।

### लक्ष्मी सिद्धि का नेशनल रियलिटी शो विज्ञान घर के लिए चयन

**मैनपुर।** मैनपुर की होनहार बिटिया और जवाहर नवोदय विद्यालय गरियाबंद की कक्षा 8वीं की छात्र लक्ष्मी सिद्धी साहू ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान आधारित रियलिटी शो



विज्ञान घर (सीजन–5) में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। आगामी 17 मार्च से 26 मार्च तक उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित होने वाले इस अनूठे कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों से केवल 20 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। लक्ष्मी इस प्रतिष्ठित मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रसिद्ध एस्ट्रोनॉट और विज्ञान गुरु दीपक शर्मा के सानिध्य में आयोजित इस 10 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम की मुख्य थीम वेस्ट से बेस्ट है। यहाँ बच्चे न केवल प्रायोगिक विज्ञान पर कार्य करेंगे, बल्कि प्राचीन भारतीय आध्यात्म और आधुनिक विज्ञान के गहरे अंतर्संबंधों को भी बारीकी से समझेंगे। लक्ष्मी के पिता विनय कुमार साहू और माता कुलेश्वरी साहू ने अपनी बेटी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी लक्ष्मी इससे पूर्व आई आई आई टी रायपुर में विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता तथा छम्म्ट नागपुर में वन डे एज ए साइंटिस्ट कार्यक्रम में गरियाबंद जिले का सफल प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

# जैमर और मेटल डिटेक्टर के कड़े पहरे में 900 से अधिक अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## जिले में सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 रविवार को गरियाबंद जिले में व्यापक सुरक्षा प्रबंधों और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। गरियाबंद के शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां सुबह से ही अभ्यर्थियों की भारी गहमागहमी और उत्साह देखने को मिला।छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 रविवार को गरियाबंद जिले में व्यापक सुरक्षा प्रबंधों और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र बनाया गया था, परीक्षा केंद्र में सुबह से ही अभ्यर्थियों की भारी गहमागहमी और उत्साह देखने को मिला।प्रशासन ने परीक्षा की निष्पक्षता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए समुचित इंतजाम किए थे। केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर के माध्यम से अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई और साइबर सुरक्षा के मद्देनजर जैमर का उपयोग कर तकनीकी गड़बड़ी की हर संभावना को समाप्त किया गया।

**प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद-** जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 1167 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा तथा प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे, जिनके मार्गदर्शन में समस्त व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हुईं। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक तथा पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कड़ा अनुशासन, 15 मिनट पहले बंद हुए गेट

परीक्षा के सफल संचालन के लिए उड़नदस्ता दलों ने केंद्रों पर मोर्चा संभाले रखा। आयोग के कड़े निर्देशों के अनुरूप परीक्षार्थी भी नियमों के प्रति सजग दिखे और निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते हुए हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और पतले सोल की चप्पल पहनकर पहुंचे। नियमों की सख्ती का आलम यह रहा कि परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले ही केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए और देरी से पहुंचने वाले किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिला मुख्यालय गरियाबंद के चार परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 900 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए।

## समस्या : मगरलोड की दूरी लगभग 32 किमी है, लेकिन बोर्ड में 40

# राजिम में लगा बेढंगा सूचना बोर्ड, न दूरियां सही और न ही गांवों के नाम, राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर क्षेत्र में लगाए गए एक दूरी-सूचक बोर्ड ने प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस बोर्ड का उद्देश्य यात्रियों को सही दिशा और सटीक दूरी की जानकारी देना है, वही अब भ्रम और असुविधा का कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि किसी जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही या उदासीनता के कारण गलत दूरियां लिखकर बोर्ड टांग दिया गया है। तथ्य और बोर्ड में बड़ा अंतर स्थानीय नागरिकों द्वारा बताए गए वास्तविक दूरी और बोर्ड पर अंकित दूरी में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। राजिम से पांडुका की वास्तविक दूरी 21 किमी है, जबकि बोर्ड में 30 किमी दर्शाया गया है। पांडुका का स्पेलिंग भी गलत लिखा गया है। ठीक इसी तरह बड़ी करेली गांव का नाम बड़े करेकी लिखा गया है। मगरलोड की दूरी लगभग 32 किमी है, लेकिन बोर्ड में 40 किमी अंकित किया गया है। ठीक इसी तरह गरियाबंद जिला मुख्यालय की दूरी राजिम से 45 किमी है, जबकि बोर्ड में इसे 55 किमी दर्शाया गया है। अभनपुर की दूरी 17 किमी है, इसे बोर्ड पर 25 किमी लिखा है। ठीक इसी तरह चंपारण की दूरी 14 किमी है, लेकिन बोर्ड में इससे दोगुना 28 किमी लिखा गया है। इन विसंगतियों से साफ है कि या तो माप में गंभीर त्रुटि हुई है या बिना सत्यापन के आंकड़े लिख दिए गए हैं। गलत दूरी के कारण बाहरी वाहन चालक, पर्यटक और आम नागरिक भ्रमित हो रहे हैं।




### जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों के भरोसे का सवाल है। सड़क संकेतक केवल लोहे की प्लेट नहीं होते, वे व्यवस्था की विश्वसनीयता का प्रतीक होते हैं। यदि छोटी-सी दूरी भी सही नहीं लिखी जा सकती, तो आमजन का भरोसा डगमगाना स्वाभाविक है। समय की मांग है कि संबंधित विभाग तत्काल संज्ञान लेकर सुधारात्मक कदम उठाए, ताकि यात्रियों को सही मार्गदर्शन मिल सके और प्रशासन की साख बनी रहे। ऐसा नहीं है कि इस बोर्ड को विभाग के जिम्मेदार अधिकारी न देख रहे हो पर लापरवाही की भी एक सीमा होती है।

### त्वरित सुधार की मांग

कई बार ईंधन की योजना, समय का आंकलन और मार्ग चयन दूरी के आधार पर ही किया जाता है। ऐसी स्थिति में गलत जानकारी न केवल असुविधा पैदा करती है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में गंभीर समस्या भी बन सकती है। इसके लिए जवाबदेही तय हो। यहां प्रश्न यह उठता है कि क्या दूरी मापने से पहले कोई तकनीकी सत्यापन नहीं हुआ? क्या संबंधित विभाग ने बोर्ड लगाने से पहले अंतिम जांच नहीं की? क्या यह केवल लापरवाही है या जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है? आम जनता का मानना है कि सार्वजनिक सूचना से जुड़े कार्यों में इस प्रकार की त्रुटि स्वीकार्य नहीं हो सकती। नागरिकों ने इस पर त्वरित सुधार की मांग संबंधित विभाग से की है और उनके द्वारा लगाए गए गलत बोर्ड को हटाकर सही जानकारी के साथ नया बोर्ड लगाया जाए।

# सुरगपानी, लादाबाहरा फूलबाहरा सहित क्षेत्र में नल-जल योजना का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





क्षेत्र में केन्द्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन वनांचल क्षेत्र में दम तोड़ती नजर आ रही है। इसके लिए अधिकारियों और ठेकेदार की मनमानी को ग्रामीणों ने जिम्मेदार ठहराया है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा विकासखंड के प्रत्येक गांव में आबादी के अनुसार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक गांव में उचित स्थान पर पानी टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से घर घर तक नल में पानी पहुंचाने जल जीवन मिशन योजना लागू की गई, जिसमें ठेकेदारों के माध्यम से शासन के नियमानुसार कार्य आरंभ किया गया जिसमें संबंधित अधिकारियों की मनमानी के कारण घर तक नल से पानी पहुंचना तों दूर कहीं टंकी अधूरा तो कहीं टंकी का निर्माण शुरू नहीं हुआ है, ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में अभी तक टंकी का कलाम खड़ा नहीं हुआ है।

### महिलाएं दूसरे के घरों से पानी लाकर निस्तारी करने मजबूर

इस तरह ग्राम पंचायत रूवाड के आश्रित ग्राम लादाबाहरा का भी है। लादाबाहरा के निवासी हीरालाल सोरी, मंगलू ओटी, कमलसिंह सोरी, कुमानसिह, भगवान सिंह, तुलसीराम सहित ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर नल का चेंबर घरों में बनाया गया है, जो टूट रहा है, और पानी की टंकी का निर्माण नियू खोदकर छोड़ दिया गया है। इसी कड़ी में फूलबाहरा के ग्रामीणों पंच सुनीता नेताम, केवल साहू, तरूण साहू, देवेन्द्र साहू, ठाकुर राम आदि ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना का पानी भले ही फाइलों में बह रहा होगा लेकिन वास्तविकता यह है कि पानी की तलाश में गांव की महिलाएं भटकती हुई नजर आ रही है। गांव की महिलाएं पानी नहीं मिलने से दूसरे के घरों से पानी लाकर निस्तारी करने के लिए मजबूर हैं। कुल मिलाकर क्षेत्र में नल-जल योजना का हाल बेहाल है और कोई देखने वाला भी नहीं है।

## पेज 9 के शेष...

### नवापारा में बनेगा...

खड़ी होती है। **व्यापार और यातायात पर संकट के बादल-** यही पर आटो वाले भी अपनी गाड़ियां खड़ी करते है तथा रायपुर से राजिम के बीच 70 मिनी बसें हर पल यहां से चलती है। वैसे नवापारा-राजिम से रेल्वे को कोई विशेष फायदा नहीं हो रहा है। हालांकि ये छोटी ट्रेन रायपुर-राजिम के बीच कई चक्कर लगाती है लेकिन पर्याप्त सवारी नही मिलती। मालूम हो कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से लेकर चंपारण चौक तक फ्लाईओवर बनाए जाने की चर्चा के बीच अचानक सड़क के बीचों-बीच खुदाई शुरू कर दिए जाने से वार्ड नं 2 के नागरिकों तथा सड़क के दोनों तरफ दुकान लगाए लोगों में नाराजगी का वातावरण देखा गया। बताया जा रहा है कि भारतीय रेल के अधीन यह कार्य प्रारंभ किया गया है, किंतु इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। क्षेत्र के विधायक इंद्र कुमार साहू तथा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू को भी प्रस्तावित फ्लाईओवर की विस्तृत योजना से अवगत नहीं कराए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिना समुचित जानकारी और सार्वजनिक सूचना के यह कार्य किस आधार पर प्रारंभ किया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस मार्ग पर खुदाई शुरू की गई है, वह शहर का प्रमुख एवं व्यस्त मार्ग है। बीच सड़क में गड्ढे किए जाने से यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

### एनएच तक पसरा...

बड़े भारी वाहनों का आना -जाना लगा रहता है और सड़क से चिपककर दुकान लगा देने से कभी कोई गंभीर दुर्घटना घटती है। **सप्ताहिक बाजार के भीतर व्यवस्थित तरीके से शेड निर्माण की जरूरत-** मैनपुर साप्ताहिक बाजार का एरिया क्षेत्रफल काफी लंबा चौड़ा था लेकिन अब धीरे-धीरे यह सिकुड़ता जा रहा है और अतिक्रमण का भी भेंट चढ़ता जा रहा है बाजार का एरिया कम होने के कारण व्यापारियों को नेशनल हाईवे के किनारे मजबूरन दुकान लगाना पड़ रहा है जिससे हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है मैनपुर नगर वह क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मांग किया है कि मैनपुर बाजार को सुव्यवस्थित किया जाए , और बाजार के भीतर नया बाजार सेड का सही तरीके से निर्माण कराया जाए तो सड़क में लगने वाली दुकानों को बाजार के भीतर व्यवस्थित किया जा सकता है चारों तरफ व्यवस्थित साप्ताहिक बाजार सेड निर्माण करवाई जाए और साप्ताहिक बाजार के भीतर सभी दुकानदारों को दुकानों का आवंटन सही–सही किया जाए तो मैनपुर साप्ताहिक बाजार को नेशनल हाईवे के किनारे लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी क्योंकि बाजार के भीतर बहुत बड़ा जगह क्षेत्रफल है लेकिन अव्यवस्थित दुकान लगने के कारण छोटे-छोटे सब्जी भाजी दुकानदारों को बाजार अंदर में जगह नहीं मिलने के कारण मजबूरन में नेशनल हाईवे सड़क के किनारे दुकान लगाने मजबूर हो रहे हैं जिससे हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। **बड़े हादसे का इंतजार, अव्यवस्था बनी मुसीबत-** अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए भारी परेशानी और खतरे का दिन बनता जा रहा है जहां हर सप्ताह हजारों लोग अपनी दैनिक जरूरतों के सामान और सब्जियां खरीदने आते हैं, ग्राम पंचायत को साप्ताहिक बाजार से लाखों रुपया का राजस्व मिलता है बाजार स्थल पर वाहनों की पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण, खरीदार अपनी मोटरसाइकिलें और चारपहिया वाहन मंदिर मार्ग मुख्य सड़क के किनारे ही खड़ी कर देते हैं बाजार के समय घंटों यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है।

### धान से भरे...

नहीं। समय की मांग है कि जिम्मेदार विभाग सक्रियता दिखाए और सड़कों पर दौड़ते इस खतरे पर तुरंत अंकुश लगाए, ताकि आम नागरिक बेखौफ होकर सफर कर सकें। वही ऐसे ट्रक मालिकों को भी चाहिए कि माल ढुलाई करे, लोड तक भरे मगर एकदम से ज्यादा ओवरलोड न हो। वर्ना उन्ही के लिए एक दिन परेशानी का कारण बन सकता है।

### रेलवे क्रॉसिंग के ...

जाता है। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार सामान्यतः स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई निर्धारित मानकों के भीतर होनी चाहिए, ताकि वाहन की रफ्तार नियंत्रित हो सके, लेकिन झटका न लगे। यहां बनाए गए ब्रेकर की ऊंचाई और तीखी ढलान को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि उद्देश्य गति नियंत्रित करना है तो समतल और मानक आकार का ब्रेकर बनाया जाए, न कि ऐसा अव्यवस्थित उभार जो दुर्घटना का कारण बन जाए।

### 9 लीटर अवैध...

में आरोपी ने अपना नाम विजय कुमार यादव, निवासी मैनपुर-2, थाना व जिला गरियाबंद बताया। मोटर साइकिल के सामने रखे पीले रंग के थैले की तलाशी लेने पर 41 पौवा देशी प्लेन शराब (180 मिलीलीटर), 5 पौवा देशी मसाला शराब (180 मिलीलीटर) तथा 5 पौवा जम्मू व्हिस्की (180 मिलीलीटर) कुल 51 पौवा शराब बरामद की गई। कुल जब्त मदिरा 9.180 लीटर पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4,380 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब परिवहन में प्रयुक्त होंडा सीबी-125 मोटर साइकिल भी जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षकों की हुंकार, बजट में संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन मान्य करने की मांग

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के वर्तमान बजट 2026 में संविलियन पूर्व की सेवा को पेंशन हेतु मान्य करते हुए पेंशन निर्धारित करने का प्रावधान होना चाहिए, इस संबंध में रमेश चंद्रवंशी 2255/2021 एवं अन्य याचिकाओं में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यह महत्वपूर्ण रूप से प्रतिपादित किया गया है कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक हैं। सके साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय ने यह निर्देश भी दिया है कि सेवा की निरंतरता,किए गए कर्तव्यों की प्रकृति, वेतन का स्रोत,प्रशासनिक नियंत्रण तथा संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत समानता के संवैधानिक सिद्धांतों को अनिवार्य रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए,इसी आधार पर संविलियन के पूर्व की सेवा को पेंशन हेतु मान्य किया जावे। इस संबंध में मुख्यसचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, सचिव शिक्षा व संचालक लोकशिक्षण को मांगपत्र व न्यायालयीन तथ्य दिया गया है। 1 लाख 50 हजार एल बी संवर्ग के शिक्षक परिवार को इंतजार है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, सहसचिव विनोद सिन्हा, प्रदेश संयुक्त सचिव यशवंत बघेल, आईटी सेल गिरीश शर्मा, टिकेन्द्र यदु, जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, जिला पदाधिकारी भुवन यदु, लता ध्रुव, घनश्याम दिवाकर, नंदकुमार रामटेके, दिनेश्वर साहू, सुरेश केला, आरएस कंवर, जमशीर कुरैशी, सलीम मेमन, कमलेश बघेल, संजय यादव, छगन दीवान, रामचरण दीवान, ब्लाक पदाधिकारी हुलस साहू, जितेन्द्र सोनवानी, संतोष साहू, गोविंद पटेल, धवलेश्वर बेहरा, डगेश्वर ध्रुव, किरण साहू, प्रहलाद मेश्राम, जागेश्वर कंवर, कृपा राम बघेल ने कहा है कि केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जावे।



### जिला भाजपा कार्यालय में सुना गया मन की बात

**गरियाबंद।** नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 131वां एपिसोड रविवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और त्योहार को परिवार एवं समाज के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आयोजित एआई समिट में विश्व नेताओं और तकनीकी कंपनियों के प्रमुखों से हुई मुलाकात का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अब पशुओं के उपचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहा है, जिससे नई संभावनाएं खुल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, अमित वखारिया, राजडे, शुभम सांग, अमर सिंह ठाकुर, नेहा जान और गौरव राजू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फणिकेश्वर महादेव मंदिर में वरिष्ठ जनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर महादेव मंदिर में विभिन्न अवसरों पर आयोजित होने वाले श्रावण पूजा, महाशिवरात्रि पर्व, जैसे धार्मिक अवसरों सहित सेवा समिति के क्रिया कलापों पर मार्गदर्शन, दिशा निर्देश देने के लिए पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ नागरिक बिसौहा हरित तथा श्रीमति पदमा यदु पार्षद वार्ड क्रमांक 5 को साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किए। बाबा फणिकेश्वर नाथ सेवा समिति के सदस्यों को उत्साहित करते हुए बिसौहा हरित ने कहा कि



बाबा भोले शंकर के सेवा,पूजा अर्चना में आप सभी युवक युवती पूरे लगन-तन मन धन एवं समर्पित भाव से लगे हुए हैं उससे नगर वासियों सहित अंचल के लोगों में देवादी देव महादेव के पूजा तथा कार्यक्रमों के प्रति आकर्षण श्रद्धा में इजाफा हो रहा है। यह हम सभी के लिए अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है।इस अवसर पर हिमांशु सोनी, अनीता शर्मा, तृप्ति यदु, अनिता सोनू सोनी, चुन चुन निषाद, जागेश्वरी ध्रुव, गौरव निषाद सहित युवक- युवती शामिल शरीक रहे। राजिम विधान सभा के विधायक रोहित साहू के द्वारा अपने फिंगेश्वर प्रवास के दरमियान मंदिर परिसर में पर्यटकों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन सह शौचालय निर्माण की घोषणा के लिए विधायक के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टीकम बने अतरमरा के नए ग्राम पटेल

**पांडुका।** ग्राम अतरमरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अंचल गौ सेवक पशु उपचारक के रूप में कार्यरत एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजक सिन्हा (कलार ) समाज क़े क्षेत्राधिकारी भाई



टीकम सिन्हा जी अतरमरा के ग्राम पटेल पद पर नियुक्त होने पर राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच केजा बाई सोम, उपसरपंच एसकुमार सिन्हा, ग्राम समिति अध्यक्ष अभिषेक चतुर्वेदी, विनोद सिन्हा, हेमंत निर्मलकर, जगत सिन्हा, श्यामलाल साहू, खेमू राम सिन्हा, माखन साहू, देवेंद्र ध्रुव, लोकेश सिन्हा, योगेश साहू, सुरेश सिन्हा, सुरेंद्र सेन, हेमचंद सावरा, कुलेश सोम, सेवक निर्मलकर, महेन्द्र सिन्हा, यश ध्रुव, राजा पटेल, खुशहाल ध्रुव, अशोक ध्रुव, चिरौजी, चुम्मन निर्मलकर आदि ने शुभकामनाएं दी।

### व्यापारी चेंबर से जुड़े : जवाहर जीवनानी

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज नवापारा इकाई के अध्यक्ष जवाहरजीवनानी ने राजिम एवं



ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे चेंबर की सदस्यता लेकर जुड़े। ताकि भविष्य में वे चेम्बर्स के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके। उन्हें किसी कानूनी अड़चन में बेवजह फंसने से रोकने का प्रयास करेंगें। आयोजित बैठक में नयापारा चेम्बर्स इकाई के सभी सदस्य उपाध्यक्ष, सचिव, संरक्षक सहित जवाहर जीवनानी, रमेश चौधरी, जनक कंसारी, अनिमेष जैन, रघुनाथ माध्यानी, ईश्वर जगवानी, आलोक राजपाल ,किशोर नागवानी कोमल गुनानी सहित अनेकों सदस्य उपस्थित थे।

### कंन्हेरा प्रतियोगिता में 60 खिलाड़ी ने दिखाया दम

**अभनपुर।** ग्राम कन्हेरा में हर्षोल्लास के साथ क्रिकेट तिहार–2 का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच भानु प्रताप साहू, उपसरपंच हीरामन निषाद तथा रिखी राम, संतोष डोमार निषाद सहित ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर पूरे गांव के लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनकी आयु 15 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक है। खास बात यह रही कि सरपंच, उपसरपंच और पंच स्वयं मैदान में उतरकर खेलते हुए नजर आए, जिससे युवाओं में उत्साह और भी बढ़ गया। आयोजकों ने बताया कि क्रिकेट तिहार–2 का उद्देश्य गांव में खेल भावना को बढ़ावा देना, आपसी भाईचारा मजबूत करना और युवाओं को नशामुक्त एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। उद्घाटन मैच के साथ ही प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विडंबना : जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बदहाल स्थिति में आंबा केंद्रों का संचालन

# जर्जर भवन और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी की व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। जिम्मेदार अफसर एवं अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जब जिले के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा ही सही नहीं मिल पायेगी तो उनका विकास कैसा होगा यह सोचने को मजबूर करता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलो मीटर दूर जंगल धवलपुर अश्रित ग्राम अच्छाछेरका में कुछ वर्ष पहले आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया था लेकिन यह भवन बेहद घटिया स्तर के निर्माण होने के कारण समय से पहले जर्जर हो गया बच्चों की जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे थे बच्चों की समस्या को देखते हुए आंगनबाड़ी को किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है और इस गांव में एक और आगनबाड़ी है उसका भी भवन निर्माण नहीं हुआ है।

- एक गांव, दो केंद्र और दोनों ही बेघर





### बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव

दोनों आंगनबाड़ी किराए के भवन में संचालित हो रहा है यहां के ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि अच्छाछेरका ग्राम में दो आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जाय वहीं ज्ञात हो किया ग्रामीण क्षेत्र के आगंनबाड़ी केन्द्रों में मूलभुत बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है जिसके कारण यहां के बच्चों को पोषण आहर व अन्य मूलभुत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है और तो और आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है क्षेत्र के सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लगातार आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभुत बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया जा रहा है लेकिन इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रो में सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम की मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात का 131 वां एपिसोड भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुना। नवापारा नगर के वार्ड क्रमांक 5 में भाजपा प्रदेश महिला कार्यसमिति सदस्य योगिता सिन्हा, नव नियुक्त महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, भाजपा मंडल महामंत्री हर्षा कंसारी, प्रेम साधवानी, प्रतीक शर्मा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुना। इस अवसर पर प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य ने प्रधानमंत्री मोदी जी के विचार सुनने के बाद कहा कि लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में राष्ट्र निर्माण, नवाचार, स्वालंबन एवं जनभागीदारी की प्रेरणा मिली। मोदी जी के विचार को अपने जीवन में अपनाकर विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की प्रेरणा मिलती है। दिल्ली के भारत मंडपन में आयोजित ग्लोबल एआई समिट निश्चित रूप से टेक्नोलॉजी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की

**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को भाजपा राजिम मंडल बूथ क्रमांक 102,103 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से सुना। जिसमें मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, महामंत्री



जितेंद्र पेंदरिया, मंत्री लोकेश सोनी, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, बादल साहू, पार्षद अजय पटेल, युगल किशोर साहू, कन्हैया पटेल, सुमित सेन, लोकेश यादव, अनिल साहू, कान्हा निषाद, ॠषभ सेन शामिल थे।

# कुड़ेरादादर में प्रतिभावान बच्चों और खिलाड़ियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम मड़ेली के नागवंशी मरई परिवार का भव्य वार्षिक अधिवेशन ग्राम कुड़ेरादादर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में परिवार की एकता, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के होनहार बच्चों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान लाल सिंह नागेश, दयाराम नागेश, श्यामलाल, नागेश वेश, नारायण ठाकुर, अध्यक्ष अलाराम ठाकुर, भीखम ठाकुर, गोर्वधन ठाकुर, तामसिंग, टिकंम सिंह, मंशूलाल, पुरानिकराम, दिलीप ठाकुर, सचिव मंशा राम, मीरा ठाकुर, सुरेखा नागेश, लक्ष्मी ठाकुर, एवं परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अमात गोंड समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन, नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज सर्कल जिड़ार (मैनपुर )का प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें वार्षिक आय व्यय का जानकारी दिया गया और साथ ही साथ इस वर्ष नया पदाधिकारियों का चयन किया गया जो निम्नानुसार है। अमात गोंड समाज सर्कल जिड़ार नव पदस्त पदाधिकारी संरक्षक मुकेश कपील, सलाहकार केशव मरकाम, अध्यक्ष सुंदर सिंह कपील, उपाध्यक्ष बीरसिंह मरकाम, उपाध्यक्ष दुलेश्वरी नागेश, सचिव लोकेश्वर नागेश, सह सचिव जीवन मरकाम, कोषाध्यक्ष लखन मरकाम, उपकोषाध्यक्ष मीलन मरकाम, महिला प्रकोष्ठ-अध्यक्ष प्रियंका कपील, उपाध्यक्ष ताराबाई मरकाम युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष -सुभाष मरकाम, उपाध्यक्ष उदय मरकाम, युवती प्रकोष्ठ-अध्यक्ष -कु. मोनिका मरकाम, उपाध्यक्ष कु. रीना मरकाम को नियुक्त किया गया। इस दौरान समाज के विकास और उनन्ति के लिए चर्चा किया गया साथ ही समाज में शिक्ष पर सबसे ज्यादा ध्यान देने जोर दिया गया। यह जानकारी पूर्व सचिव सुखराम नागेश द्वारा दिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से टीकमसिंह कपील, मोतीराम नागेश, बिसाहू राम मरकाम, कैसिंह कपिल, माखनलाल मरकाम, प्रहलाद मरकाम, किशोर मरकाम, कमल किशोर कपिल, महेंद्र कपिल, वासुदेव नेगी, ओमप्रकाश कोमर्रा, गणेशराम नागेश, मानसिंह नागेश महिला प्रभाग से श्रीमती फुलकुंवर कपिल, जगतीन, रूकणनी मरकाम, पुष्पा कपिल, नीराबाई कपिल, दुलेशवरी नागेश, प्रियंका कपिल, तुलसी नागेश एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# नवापारा में मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने अलग ही तरह से मनाया। वे सुबह गौमाता को चारा खिलाया, फिर मंदिर पहुंचकर भगवान से मुख्यमंत्री के लिए मंगल कामना की। इसके बाद नगर के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों को व आश्रय स्थल में रह रहे लोगों को शॉल, श्रीफल व मिष्ठान्न वितरण किया। साथ ही नगर में घूम-घूमकर लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर उनसे चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाकर मुख्यमंत्री की मंशा को पूर्ण करने की अपील की। बताया कि सीधे, सरल और मृदुभाषी मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता के लिए सदैव चिंतित रहते हैं और इसी प्रयास में रहते हैं कि कैसे प्रदेश के गरीब से गरीब आदमी भी आर्थिक रूप से सक्षम होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। कहा कि हम छत्तीसगढ़िया सौभाग्यशाली हैं, जो ऐसे संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हमारे मुखिया हैं। देर शाम को श्री देवांगन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर आतिशबाजी करते हुए सीएम के जन्मदिन की खुशियां मनाया।

# अंकित युवा मोर्चा अध्यक्ष, संजीव एवं बॉबी चांवला जिला मंत्री बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम







नवापारा के ऊर्जावान युवा भाजपा नेता अंकित मेघवानी को नवापारा युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। संजीव टिंकु सोनी को अन्य पिछड़ा वर्ग रायपुर ग्रामीण का जिला मंत्री एवं बॉबी चांवला को अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री बनाया गया है। नवापारा के इन तीनों भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाए जाने पर विधायक इंद्रकुमार साहू, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू, नपा विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, अनुसुचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री मुकुंद मेश्राम, नपा सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाड़ा, डॉ. राजेंद्र गदिया, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, प्रेम साधवानी, जनक कंसारी, धीरज साहू, रेशम हुंदल, अविनाश साहू, प्रेमलाल साहू, राजू रजक, चिंटू तराने, सचिन सचदेव, गुलशन साहू, जितेंद्र साहू सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। इन तीनों नए पदाधिकारियों ने पार्टी संगठन के उच्च नेताओं के प्रति आभार जताया है। कहा कि संगठन ने जिस आशा और विश्वास करके यह दायित्व प्रदान किया है उस विश्वास में खरा उतारने का प्रयास करेंगे साथ ही सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में एवं कार्यकर्ताओं के साथ समय समन्वय बनाकर संगठन में नये युवाओ को जोडेंगे और मजबूत करेंगे।

# संगठित समाज ही तरक्की का आधार : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका





ग्राम अतरमरा में बड़े कोसरिया यादव समाज का वार्षिक जिला स्तरीय अधिवेशन हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय आयोजन में समाज की एकजुटता देखते ही बनी, जहां मुख्य अतिथियों ने क्षेत्र के विकास के लिए 20 लाख की महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्री ओम प्रकाश चौधरी जी एवं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिखी यादव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गरियाबंद, द्वारा की गई।

इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच केजा बाई सोम, उपसरपंच एस. कुमार सिन्हा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष अभिषेक चतुर्वेदी, हेमकुमार यादव, हेमलाल यादव, भूखन यादव, रामानंद यादव, दीपक साहू, ओंकार साहू, धनीराम साहू एवं खिलावन साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने समाज की एकजुटता, शिक्षा के विस्तार, युवाओं की सक्रिय भागीदारी तथा सामाजिक समरसता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही प्रगति और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

**सांसद और विधायक निधि से मिली बड़ी सौगात-** इस अवसर पर सांसद निधि से श्री ओम प्रकाश चौधरी जी द्वारा 10 लाख की लागत से सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की गई, जिससे ग्राम में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को स्थायी आधार मिलेगा। साथ ही विधायक निधि से 10 लाख की राशि से टीना शेड निर्माण की घोषणा भी की गई, जिससे विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा प्राप्त होगी। घोषणाओं से उपस्थित जनसमूह में उत्साह की लहर दौड़ गई और समाजजनों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। अधिवेशन के माध्यम से सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प को पुनः दोहराया गया।

